शालीमार पेंट्स ने बाजार में उतारा नया उत्पाद

जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर : देश की अग्रणी रंग कंपनी शालीमार पेंट्स ओडिशा की बाजार में अपना नया उत्पाद उतारा है। इसके जरिए कंपनी को राज्य में अपने व्यवसाय को अधिक मजबूत करने की उम्मीद है।

राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कंपनी के संचालन निदेशक तथा सीईओ समीर नागपाल ने कहा कि पिछले 30 साल से हम राज्य में व्यवसाय कर रहे हैं। शालीमार के लिए ओडिशा का बाजार काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नंबर 1 सिल्क इंटेरियर एमुलसन, सुपर शक्तिमान एक्सटेरियर एमुलसन एवं शक्ति प्रीमियम नामक पेंट ओडिशा बाजार में उतारा है। नागपाल ने कहा कि देश में शालीमार 600 करोड़ रुपये का व्यवसाय कर रहा है। ओडिशा में कंपनी का व्यवसाय 32 करोड़ रुपये है। नए रंगों के

मीडिया को जानकारी देते संचालन निदेशक तथा सीईओ समीर नागपाल।

बाजार में प्रवेश करने के बाद हम यहां पर अपना व्यवसाय 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की उम्मीद रखे हैं।